# किसान चौपाल का आयोजन

पंतनगर। 16 जनवरी, 2026। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल द्वारा ग्राम बरहैनी कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र–बाजपुर में पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच किसान चौपाल का आयोजन किया गया।

किसान चौपाल का उद्घाटन, डा. सी.बी. सिंह, प्राध्यापक प्रजनन विभाग एवं परियोजना अधिकारी द्वारा किया गया। डा. सी.बी. सिंह द्वारा सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन करने के साथ–साथ परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशुपालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। डा. बृजेश सिंह द्वारा पशु नस्ल सुधार एवं देशी नस्ल व प्रजनन सम्बन्धी सम्स्याओं के सुझाव एवं जानकारी दी, पशु पोषण सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के साथ–साथ पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशुपालन करने एवं पशुओं के साथ अंगी–अंगा का भाव रखने की सलाह दी गयी।

किसान चौपाल में पशुपालकों का पंजीकरण एवं सामग्री वितरण व धन्यवाद प्रस्ताव श्री शिवांशु तिवारी द्वारा किया गया। किसान चौपाल में कुल 40 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

